>

Title: Need to convert Kalimati-Kankadahad route (via Baspal-Bamebari-Telboi) in Keonjhar Parliamentary Constituency, Orissa into a National Highway.

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर के जोडा ब्लाक अंतर्गत कालीमाटी से डेकानाल जिले के अंतर्गत कंकडाहाड तक वाया बासपाल–बामेबारी–तेलबोई मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिए ओडिसा सरकार ने 2004 सेही अनुरोध किया था जो अभी तक केन्द्र सरकार के पास लंबित है। इसे राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने की अत्यंत आवश्यकता है क्योकि यह इलाका कोयला, लोहा एवं बॉक्साइट जैसी खनिज सम्पदा से समृद्ध है। यहाँ पर अभी तक कोई रेलवे लाइन भी उपलब्ध नहीं है। इस इलाके में आदिवासी लोगों की संख्या ज्यादा है जिनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति अन्य क्षेत्रों से अपेक्षाकृत बहुत पिछड़ी हुई है। औद्योगिक विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहाँ पर माओवादी प्रभाव बढ़ता जा रहा है एवं रोजगार के अभाव में यहाँ के नवयुवक माओवादियों के चंगुल में आ रहे हैं। औद्योगिक विकास एवं कच्चे माल की प्रचूरता को ध्यान में रखते हुए कच्चे माल पर आधारित उद्योग लगाने की संभावनाओं को बल देने के लिए उपरोक्त मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाये।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर के जोडा ब्लाक के अंतर्गत कालीमाटी से डेकानाल जिले के कंकडाहाड तक वाया बासपल–बामेबारी–तेलबोई होते हुए मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाये।